**खबर संक्षेप**



## चलती ट्रेन से नीचे गिरे यात्री की हालत गंभीर

**कटनी।** कटनी-मैहर रेल खंड के बीच झुकेही स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। यात्री की स्थिति नाजुक बनी हुई है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार जनता एक्सप्रेस जैसे ही झुकेही स्टेशन के आउटर के समीप पहुँची, तभी एक यात्री अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। ट्रेन की गति तेज होने के कारण यात्री को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन सक्रिय हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही झुकेही स्टेशन मास्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य उपलब्ध ट्रेन के माध्यम से कटनी स्टेशन के लिए रवाना किया। कटनी स्टेशन पर सूचना मिलते ही डिप्टी एसएम चितरंजन दुबे ने ट्रेन के पहुँचते ही घायल को सफाई मित्रों के सहयोग से तत्काल एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण यात्री की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। घायल के पास से अभी तक कोई ऐसा दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसका नाम या पता मालूम हो सके। जीआरपी और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के थानों में यात्री की जानकारी साझा की गई।

## बुजुर्ग का मोबाइल चोरी कर खाते से निकाली राशि

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलैया तलैया सब्जी मंडी में इन दिनों जालसाज और चोर सक्रिय हैं। यहां एक बुजुर्ग का मोबाइल चोरी कर उनके बैंक खाते से हजारों रुपए की राशि पार कर दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार न्यू एसीसी कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय सुरेश कुमार चौधरी शनिवार शाम करीब 8:00 बजे सब्जी खरीदने मंडी गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश ने भीड़ का फायदा उठाकर उनका मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल हाथ लगते ही शातिर अपराधी ने तकनीकी सेंधमारी कर बुजुर्ग के बैंक खाते तक पहुंच बना ली। पीड़ित सुरेश कुमार को मोबाइल चोरी का पता तब चला जब उनके खाते से 7,382.80 रुपए कटने का मैसेज आया। मोबाइल चोरी के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस मंडी क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी का सुराग लगाया जा सके।

## जामिनी के लिए फर्जी दस्तावेज, अपराध दर्ज

**कटनी।** जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत लेने के लिये फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर माधवनगर थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के जिला एवं सत्र न्यायालय में किसी मामले में आरोपी की जमानत कराने के उद्देश्य से कूट रचित (फर्जी) दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान जब इन दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई तो इनके फर्जी होने का खुलासा हुआ। शिकायतकर्ता जुएल डेनियल (न्यायालय कर्मचारी) की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने जमानत हासिल करने के लिए न केवल फर्जी दस्तावेजों का निर्माण किया, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम का उपयोग कर उसे बतौर जमानतदार न्यायालय के समक्ष पेश किया। कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से न्यायालय को यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया गया कि वे वैधानिक हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### एनकेजे थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में हुई युवक की हत्या के मामले का हुआ खुलासा

# खौफनाक साजिशः अंतरंग संबंध बनाने का झांसा देकर घर बुलाया और कर दिया कत्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में मिली एक युवक की हत्या के मामले पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या की साजिश पति-पत्नी और साले ने मिलकर रची थी।

एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने जानकारी देते हुए कहा कि 17 अप्रैल 2026 को डायल-112 पर सूचना मिली कि प्रेमनगर स्थित काली मंदिर के पास एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान प्रदीप साहू 23 वर्ष निवासी पहरिया थाना बड़वारा के रूप में हुई।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। पता चला कि मृतक को प्रेमनगर निवासी महिला एवं पति विपिन दुबे और भाई मनीष जायसवाल अपने साथ एक मकान में ले गए थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया



कि आरोपित महिला ने प्रदीप को फोन कर शारीरिक संबंध का झांसा देकर बुलाया था। इसके बाद कमरे में ले जाकर तीनों ने मिलकर उससे पैसे की मांग की। पैसे न देने पर चाकू और डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किये।

फुटेज में स्पष्ट दिखाई दिया की गंभीर रूप से घायल प्रदीप साहू घटना स्थल के बगल मे स्थित शीला यादव के मकान से अधमरी हालत मे निकलता दिखा, वह कुछ दूर आगे जाकर गिर गया। शीला यादव एवं उसके पति सुनील से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया की मोहल्ले की रहने वाली महिला एवं उसके पति विपिन दुबे एवं भाई मनीष जायसवाल दोस्त बताकर प्रदीप को उसके घर लाए थे। कुछ देर बाद उन लोगों ने डंडा एवं चाकू से मारना शुरू कर दिया। पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों को प्रेमनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और डंडा भी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत सहित पुलिस टीम और साइबर सेल की अहम भूमिका रही। यह मामला न केवल हत्या बल्कि सुनियोजित साजिश का उदाहरण है, जिसमें लालच के चलते युवक की जान ले ली गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपियों को जल्द पकड़ लिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत, थाना प्रभारी थाना रंगनाथनगर उप निरी अरूण पाल सिंह, उप निरी नरेश झारिया, सउनि सहपाल परतेती, सउनि केवल उइके, सउनि मनोज कोडापे, प्र.आर. आरिफ हुसैन, प्र.आर. राजेश सिंह, प्रआर राजेश चौधरी, आर जयंत कोरी, आर जजकुमार, प्रआर राजेन्द्र सोनी, प्रआर मुरलीधर सेन, प्रआर कुलदीप सिंह, मप्रआर पुष्पलता मिश्रा, आर सुजीत रजक, आर राजेन्द्र पटेल, आर राजेश काछी, आर अर्पित पटेल, मसै सरोज पिल्ले, एनआरएस आनंद तिवारी, सोनू कहार, धुरेन्द्र यादव एवं साइबर सेल से अमित श्रीपाल और शुभम गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।



## आबकारी ने 18540 रूपए की अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विजयराघवगढ़ वृत्त क्षेत्रांतर्गत विशेष अभियान चलाकर म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनशिकायतों के आधार पर आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में टीम ने ग्राम भैंसवाही, जंगलपुरैनी, रजरवारा नंबर-1, गुड़ेहा, खरखरी एवं रजरवारा नंबर-2 सहित विभिन्न गांवों में सघन गश्त और दबिश दी।कार्रवाई के दौरान 105 पाव प्लेन मदिरा, 52 पाव मसाला मदिरा, 18 पाव गोवा व्हिस्की तथा 19 केन बीयर बरामद कर जब्त की गई। जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 18 हजार 540 रुपए आंकी गई है।

कार्रवाई में आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, उप-निरीक्षक आंचल प्रजापति एवं आबकारी आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अमले की सक्रिय भूमिका रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## नेगई के सिद्ध धाम में भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

नेगाई के सिद्ध धाम के पावन प्रांगण में आयोजित श्रीमद देवी भागवत महापुराण एवं भद्रकाली प्रत्यंगरा महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्ति और शक्ति के इस अनूठे संगम में कथा वाचक रूद्रांत शास्त्री ने पुराण के आध्यात्मिक और व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। पुराण श्रवण से मिटते हैं जन्मों के पापकथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से रूद्रांत शास्त्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि देवी भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मां जगदंबा का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने विस्तार से बताया किःआत्मिक शुद्धिः देवी भागवत के श्रवण मात्र से मनुष्य के अंतःकरण की शुद्धि होती है और नकारात्मक विचारों का नाश होता है।शक्ति की महत्ताः संसार के संचालन के लिए 'शक्ति' अनिवार्य है। बिना शक्ति के ज्ञान और कर्म दोनों अधूरे हैं। इस घोर कलियुग में भगवती की शरण ही एकमात्र ऐसा मार्ग है जो जीव को भवसागर से पार उतार सकता है।जिस घर में देवी भागवत की



कथा होती है और जहां माता की ज्योति जलती है, वहां साक्षात लक्ष्मी और सरस्वती का वास होता है। पंडित रूद्रांत शास्त्री महायज्ञ की गूंज और विशेष अनुष्ठान से कथा के साथ-साथ भद्रकाली प्रत्यंगरा महायज्ञ की आहुतियों से पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की सुगंध ने नेगई ग्राम को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में सराबोर कर दिया है। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के दौरान शास्त्रीजी द्वारा प्रस्तुत भजनों पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। 'जय माता दी' के जयकारों से सिद्ध धाम गुंजायमान रहा।

## हांका टीम ने आवारा 14 मवेशियों को पकड़कर गौशाला में पहुंचाया

**कटनी।** आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण लगने हेतु अभियान चलाया लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निगम की हांका टीम द्वारा शनिवार को शहर के प्रमुख सार्वजनिक मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शनिवार को बरगवां कटाए घाट मोड़, मुड़वारा स्टेशन रोड से जयहिंद चौक, जयहिंद चौक स्थित साईं मंदिर के पास, माधवनगर कुम्हार मोहल्ला सहित नगर के अन्य स्थलों में चलाए गए अभियान के दौरान सड़कों पर सार्वजनिक मार्ग में विचरण कर आवागमन बाधित कर रहे 14 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों के कारण किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित रूप से कार्रवाई जारी रखी गई है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़े एवं अपनी सहभागिता निभाएं।

## प्रगणकों एवं सुपर वाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण



जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रश्न के संबंध में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक नालंदा कॉमर्स कॉलेज झिंझरी में प्रारंभ हो चुका है। राजस्व अधिकारी एवं नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक तथा जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी जोन क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 15 से 30 तक असित खरे द्वारा बताया गया कि रविवार 19 अप्रैल को कुल 188 कर्मचारियों को गैर आवासीय प्रशिक्षण चार कमरों में प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा, उत्तर कैसे भरे, डीसीओ कुछ राज्य विशिष्ट उदाहरण शामिल कर सकते है, मकान सूचीकरण प्रश्न , लोकेशन विवरण कैसे भरे, लाइन क्रमांक, भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, स्व गणना संदर्भ आई डी , भवन एवं जनगणना मकान, फर्श की मुख्य सामग्री, दीवार की सामग्री, दीवार और छत, जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग, जनगणना मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, कुल व्यक्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया से संबंधित जानकारी, मकान के स्वामित्व की स्थिति, आवास हेतु उपलब्ध कमरों की संख्या के बारे में जानकारी प्रदान की।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला व विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

अक्षय तृतीया सोमवार 20 अप्रैल एवं अन्य विवाह मुहूर्तों के दौरान संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मैदानी स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस संबंध में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार ये कंट्रोल रूम 21 अप्रैल तक सतत सक्रिय रहेंगे। नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी बाल विवाह निगरानी समितियों के साथ समन्वय कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

वन स्टॉप सेंटर, ए.सी.सी. रोड, कुंदनदास स्कूल के पास, माधव नगर, में स्थापित किया गया है। इसका नंबर 07622-2207271 है।

जिला स्तरीय के अलावा सभी विकासखंडों में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जन सामान्य बाल विवाह की जानकारी यहां उल्लेखित नंबर पर भी दे सकते हैं। विकासखंड बडवारा में परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पुराना तहसील परिसर में कंट्रोल रूम बनाया गया है।इसका दूरभाष नंबर 07622-2763005 है।

बहोरीबंद में कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, का दूरभाष नंबर 07624-261538 है। ढीमरखेड़ा के कार्यालय परियोजना अधिकारी, कार्यालय का दूरभाष नंबर 07625-276215 है। कटनी शहरी के लिए परियोजना अधिकारी, कार्यालय को कंट्रोल रूम बनाया गया है इसका दूरभाष नंबर 07622-2216671 है। इसके अलावा मुड़वारा (कटनी ग्रामीण) में कंट्रोल रूम कार्यालय परियोजना अधिकारी,को बनाया गया है इसका दूरभाषः 07622-225205 है।

विकासखंड रीठी में कंट्रोल रूम कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास,को बनाया गया है। यहां का दूरभाषः 07622-2673323 है। विजयराघवगढ़ में कंट्रोल रूम कार्यालय परियोजना अधिकारी में बनाया गया है। यहां का दूरभाषः 07622-277858 है।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने में सक्रिय सहयोग करें।

**अभिभावकों की मांग पर दिया गया है अतिरिक्त समय**

## आरटीई के अंतर्गत अब 25 अप्रैल तक विद्यार्थियों का करा सकेंगे एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE) के अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था।

### आवंटित स्कूल में बच्चे को प्रवेश नहीं देने की शिकायत पर निजी स्कूलों पर होगी कार्यवाही

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित विकासखंड स्रोत समन्वयक (BRC) और जिला परियोजना समन्वयक (DPC) मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अशासकीय विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही संबंधित बच्चे को आवंटित विद्यालय में प्रवेश मिल जाए यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर इस पूरी प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा भी दिए गए हैं, जिससे कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

### विद्यार्थियों हित में लिया निर्णय

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान जिन बच्चों ने प्रवेश नहीं लिया, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना भी दी गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान अधिकांश बच्चों द्वारा प्रवेश प्राप्त कर लिया गया। हालांकि कुछ पालकों द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न कारणों से निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा सके, जबकि वे अपने बच्चे का प्रवेश कराना चाहते है। अभिभावकों की मांग व विद्यार्थियों के हित को देखते हुए अब प्रथम चरण में आवंटित विद्यालय में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 25 अप्रैल 2026 कर दी गई है।

### पंचायतों में जल संरचनाओं, रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सहित कई गतिविधियां

## विभिन्न योजनाओं से 49 करोड़ की लागत से 1600 से अधिक कार्य हुए पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के 1600 कार्यों को पूर्ण कर जिला पंचायत कटनी ने इतिहास रचते हुए कीर्तिमान बनाया है। इन कार्यों पर मनरेगा,15वां वित्त एवं अन्य योजनाओं से लगभग 49 करोड रुपए की राशि व्यय गई है। उल्लेखनीय है की राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान जारी रहेगा। अल्प समय में जिला पंचायत की सीईओ एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान की नोडल



अधिकारी सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर द्वारा की गई सतत निगरानी,निर्देशों एवं प्रयासों से अभियान को तीव्र गति,सही दिशा और मूर्त रूप मिल सका है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि अभियान के दौरान 19 मार्च से अब तक जल संचय एवं भूजल संवर्धन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में डग वेल रिचार्ज के 683, फॉर्म पौंड के 462, इरिगेशन स्ट्रक्चर के 144, वाटर स्ट्रक्चर के अंतर्गत रिपेयर एवं मेंटेनेंस के 33, वाटर कंजर्वेशन रिचार्ज के 118 एवं वाटर रिलेटेड 160 कार्य पूर्ण कराए गए हैं। जबकि 12 अमृत सरोवर के कार्य प्रगतिरत है जो बारिश के पूर्व पूर्ण कराए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर आगे बताती है कि 19 मार्च से प्रारंभ हुई जल गंगा संवर्धन अभियान के पूर्व से उक्त 4254 कार्य प्रगति पर थे जिनमें से 673 कार्य पूर्ण हुए थे लेकिन अभियान के दौरान विशेष प्रयासों से कुल 2273 कार्यों को पूर्ण कराया गया। 19 मार्च से केवल अभियान के दौरान 1600 कार्य पूर्ण कराए गए हैं जबकि 1981 कार्य प्रगति पर हैं। शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

जिपं सीईओ सुश्री कौर बताती है कि जनप्रतिनिधियों,नागरिकों, समाजसेवियों, जन समुदाय और जन अभियान परिषद के सहयोग से जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के दौरान जन जागरूकता, भूजल संवर्धन एवं बारिश के पानी की जीवन दायिनी एक एक बूंद को सुरक्षित रखने लगभग 2329 प्रकार की विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि ग्राम पंचायतों में मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई के 818, बावड़ीयों में, सार्वजनिक प्याऊ 45, आंगनबाड़ी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के 105, जल जीवन मिशन की सिंगल विलेज स्कीम के अंतर्गत भूजल संवर्धन के 160, 407 ग्राम पंचायत में तालाबों और अन्य जल संरचनाओं की साफ सफाई, दीवार लेखन 340, प्रभात फेरी 51, कलश यात्रा 62, वृक्ष पूजन, मानस पाठ एवं भजन संध्या की 102 -102 गतिविधियां जन जागरूकता एवं व्यापक प्रचार प्रसार हेतु की गई हैं। इसमें 15 वें वित्त की राशि भी उपयोग की गई है।

## अपराधी को किया गया तड़ीपार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने रामनिवास सिंह वार्ड थाना रंगनाथ कटनी निवासी शिशिर सिंह पिता गणेश सिंह उम्र 33 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

शिशिर सिंह एक आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध अब तक प्राणघातक हमला करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, आमजन को मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाना एवं जातिगत रूप से अपमानित करना जैसे कुल 6 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस द्वारा शिशिर के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई हैं, फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी शिशिर सिंह को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## खबर संक्षेप

### परशुराम जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**कटनी।** ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज 20 अप्रैल को शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण सत्संग भवन में प्रातः काल से होगी। ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से भगवान परशुराम का पूजन एवं हवन संपन्न कराया जाएगा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संध्या 5 बजे गोलबाजार स्थित रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। संतों के सानिध्य में निकलने वाली इस यात्रा में इस बार भी विशेष और मनमोहक झांकियों का संग्रह किया गया है। रामलीला मैदान से शुरू होकर शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक और शेर चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन पहुँचेगी। सत्संग भवन में महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना है। ब्राह्मण समाज ने जिले के समस्त विप्र बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जन्मोत्सव को भव्य बनाएं।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**कटनी।** जिले में बैंकिंग सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में पुलिस ने जिले के सभी प्रमुख बैंकों और एटीएम परिसरों में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने बैंक परिसरों के प्रवेश द्वार, एटीएम केबिन और पार्किंग स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता को परखा गया। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा गार्डों की तैनाती में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। चेकिंग के साथ-साथ पुलिस ने बैंक आए ग्राहकों से भी सीधा संवाद किया। उन्हें बैंकिंग फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अपराधी तत्वों के हौसले पस्त रहें और नागरिक निडर होकर लेन-देन कर सकें।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगा शीतल जल



**कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के (जिला समन्वयक) डॉ तेजसिंह के निर्देशानुसार एवं बाल मुकुंद मिश्रा (ब्लॉक समन्वयक) के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक- 03 कन्हवारा की नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत आदर्श ग्राम मड़ई के ग्राम जुगियाकाप की मुख्य मार्ग में इस भीषण गर्मी में राहगीरों के प्यास की तड़प दूर करने हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता रामानुज पांडेय, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, सदस्य सतीश त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी गनपत लाल व ग्राम के लोग सम्मिलित रहे।

### सुआ नदी में डूबने से बालक की हुई मौत

**सिलौंडी।** सिलौंडी चौकी के अंतर्गत ग्राम लालपुर में 10 वर्षीय बालक हर्ष गडारी पिता राजेंद्र गाडरी की सुआ नदी लालपुर में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीण ने बताया अवैध रेत उत्खनन के लालपुर घाट में पानी गहरा हो गया जिसके कारण बालक पत्थर से फिसल कर पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले को जांच में लिया है।

---

### नगर निगम द्वारा आयोजित राहगीरी डे कार्यक्रम में रही लोगों की भारी भीड़

# स्वच्छता और स्वास्थ्य पर फोकस, विभिन्न गतिविधियों ने आयोजन को बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित "राहगीरी डे" रविवार को सुभाष चौक से रेलवे स्टेशन रोड मार्ग पर उत्साह, ऊर्जा और जनसहभागिता के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हुआ यह आयोजन शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन और स्वच्छता जागरूकता का अनूठा संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। योग एवं जुंबा से दिन की स्फूर्ति दायक शुरुआत हुई, वहीं घुड़सवारी, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर, ड्राइंग-पेंटिंग, रंगोली, शतरंज, कैरम, सांप-सीढ़ी, रस्सी खेल, चम्मच-नींबू दौड़, लंगड़ी सहित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों ने पूरे माहौल को जीवंत और आनंदमय बना दिया। जिसके फलस्वरूप नगर निगम का यह आयोजन एक बार पुनः नागरिकों के मध्य यादगार और जन उत्सव की छाप छोड़ने में पूर्ण रूप से सफल रहा।

राहगीरी डे में एक बार फिर जुंबा गतिविधि ने नागरिकों का दिल जीत लिया। प्रातःकालीन इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने उत्साहपूर्वक जुंबा सेशन में भाग लेकर स्वास्थ्य के साथ मनोरंजन का भी आनंद लिया।तेज संगीत की धुनों पर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ स्टेप्स दोहराए, जिससे पूरे आयोजन स्थल का माहौल ऊर्जावान और उत्साहपूर्ण बन गया। जुंबा की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अन्य गतिविधियों की तुलना में इसमें सर्वाधिक सहभागिता देखने को मिली।

प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गतिविधियां, स्त्रोत पृथक्करण, प्लास्टिक प्रतिबंध एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागरूकता का व्यापक संदेश भी नागरिकों के मध्य प्रसारित किया गया। जिसकी नागरिकों ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागी, स्वच्छता मित्रों एवं विशेष योगदान करने कर्मचारियों को तुलसी का पौधा भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया, जिसमें उपस्थित नागरिकों में सकारात्मक प्रेरणा का संचार हुआ। नगर निगम प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों, सहयोगी संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। रविवार की यह सुबह शहरवासियों के लिए उत्साह, उमंग और जागरूकता का संदेश छोड़ते हुए एक यादगार जन उत्सव के रूप में संपन्न हुई।

#### बचपन की यादें हो गई ताजा

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की पेंटिंग प्रतियोगिता आर्कषण का केन्द्र बनी रही इस दौरान बच्चों द्वारा स्वच्छता के संबंध में एक से बढ़कर एक कलाकृतियां उकेरकर स्वच्छता का संदेश आमजनों के मध्य प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान घुड़सवारी, रस्सी खेल, चम्मच नींबू, बोरा दौड़, लंगड़ी, सांप-सीढ़ी,कैरम आदि गेम का लुत्फ उठाकर नागरिकों ने कहा कि इस आयोजन ने सभी की बचपन की यादों को तरो ताजा कर दिया। उन्होंने इस तरह की गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की अपेक्षा जताई।

---

# 92 ट्यूबवेल सहित 409 लीकेज का किया सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संवर्धन, जल संरक्षण, संग्रहण एवं जल स्त्रोतों और संरचनाओं में स्वच्छता से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं जो आगामी 30 जून तक जारी रहेंगे। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में अभियान के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भू जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत एवं नवीनीकरण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोत तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

#### विभिन्न गतिविधियां

प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत जहां एक और जन समुदाय के सहयोग से नगर की नदियों तालाबों की साफ सफाई का कार्य जारी है, वही दूसरी ओर निगम प्रशासन द्वारा 19 मार्च से अब तक 92 ट्यूबवेल सहित 409 लीकेज का सुधार कार्य कराया जाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।

#### सोक पिट का निर्माण

अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा नगर के पुराने जल के स्त्रोतों को संरक्षित करने के प्रयास भी किए जा रहे है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थलों के 9 सार्वजनिक कुओं की सफाई एवं आवश्यक मरम्मत का कार्य कराया गया है। वही विभिन्न हैंडपंपों के पास सोक पिट का निर्माण कराया जाकर आमजनों के बीच जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है।

#### 15 सार्वजनिक प्याऊ बुझा रहे राहगीरों की प्यास

अभियान के तहत नगर के 15 प्रमुख स्थलों में सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा हैं। जिसमें 8 प्याऊ नगर निगम के माध्यम से तथा 7 प्याऊ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे है। समस्त प्याऊ में पेयजल एवं साफ सफाई आदि का कार्य निगम प्रशासन के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त प्याऊ का शीतल जल पीकर जहां एक ओर राहगीरों अपनी प्यास बुझा रहे है, वही ये 15 सार्वजनिक प्याऊ नागरिकों के मध्य जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश भी प्रसारित करने का कार्य भी कर रहे है।

---

### महाविद्यालय बरही में विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

# कार्यशाला एवं प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये भाषण, निबंध प्रतियोगिता, कार्यशाला आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई। कार्यशाला में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि ये सभी कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित किये जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य नदियों, तालाबों एवं विभिन्न जल स्त्रोतों की सफाई, भूजल स्तर बढ़ाने और जनभागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन को सुनिश्चित करने का एक प्रयास है साथ ही कहां कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि हमें दिनचर्या के सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये कही न कही जल की आवश्यकता होती है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और उसका बचाव बहुत आवश्यक है क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि ब्रह्माण्ड में पृथ्वी पर अपवाद के रुप में जीवन पाया जाता है क्योंकि केवल पृथ्वी पर ही जल पाया जाता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है। डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहां कि दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं, हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद नहीं करने के साथ ही जल संरक्षण बढ़ावा देना चाहिए, मनोज चौधरी ने ने सभी से अपनी जरूरतों के अनुसार ही पानी का प्रयोग करने का आग्रह किया। सुनील कुमार कहार ने सभी से जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने में सहयोग के लिये प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़ा हर प्रयास हमारे कल से जुड़ा है इसमें पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है, सदियों से अलग-अलग समाज अलग अलग प्रयास करते आए हैं।

---

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए नारी शक्ति की समान भागीदारी जरूरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को जिला भाजपा कार्यालय में सांसद वीडी शर्मा की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि "देश की मातृ शक्ति को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।" उन्होंने महिला सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। संबोधन के उपरांत सांसद वीडी शर्मा ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य का हवाला देते हुए कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को "सुधार विरोधी पार्टी" बताया है, जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक नीतिगत फैसलों के मार्ग में बार-बार बाधा बनती रही है। उन्होंने आगे कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन, नागरिकता संशोधन कानून (CAA) और समान नागरिक संहिता (UCC) जैसे अहम विषयों पर भी कांग्रेस का रुख सकारात्मक नहीं रहा है।

---

# अनुपमा ने हुनर और हौसले से गढ़ी सफलता की मिसाल, बनी प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जहां एक ओर महिलाएं पारंपरिक भूमिकाओं में सीमित मानी जाती थीं, वहीं कटनी की महिला उद्यमी श्रीमती अनुपमा गोस्वामी ने इस सोच को बदलते हुए आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल कायम की है। उनकी इकाई "न्यू हाई टेक इंजीनियरिंग, लमतरा" आज न केवल औद्योगिक उत्पादन का केंद्र है, बल्कि रोजगार और नवाचार का भी प्रतीक बन चुकी है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपए के ऋण और 35 प्रतिशत अनुदान के सहयोग से अनुपमा गोस्वामी ने इस इकाई की स्थापना की। शुरुआती दौर में चुनौतियां जरूर थीं, लेकिन दृढ़ निश्चय और मेहनत के बल पर उन्होंने अपने सपनों को साकार कर दिखाया।

आज उनकी इकाई में सॉफ्ट बोल्ट, जाली और क्रशर मशीनों के विभिन्न पार्ट्स का निर्माण किया जाता है। खास बात यह है कि वे ऐसे उत्पाद भी तैयार करती हैं, जो बाजार में आसानी से उपलब्ध नहीं होते। यही वजह है कि उनकी इकाई स्थानीय उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद नाम बनती जा रही है।

#### दूसरों को भी मिला रोजगार

इस इकाई के माध्यम से लगभग 7 लोगों को रोजगार मिला है, जिससे कई परिवारों की आजीविका सुदृढ़ हुई है। अनुपमा गोस्वामी बताती हैं कि, "शुरुआत में सब कुछ नया था, लेकिन आज काम इतना बढ़ गया है कि अब मैं कई तरह के विशेष उत्पाद भी यहीं तैयार कर रही हूं।"

सफलता की इस यात्रा में उन्होंने यहीं रुकना उचित नहीं समझा। इकाई से होने वाली आय को पुनः निवेश करते हुए उन्होंने करीब 70 से 80 लाख रुपए की आधुनिक मशीनें स्थापित की हैं। इससे न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ी है, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

#### दृढ़ संकल्प से कामयाबी

आज न्यू हाई टेक इंजीनियरिंग सिर्फ एक उद्योग नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की प्रेरक कहानी बन चुकी है। अनुपमा गोस्वामी की यह सफलता बताती है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है।

---

### निगमायुक्त ने स्व गणना के लिए आमजन से किया सहयोग का आव्हान

# हर नागरिक निभाये अपनी जिम्मेदारी यही समृद्ध राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि नगर में चल रहे जनगणना का कार्य इस बार डिजिटल स्वरूप में किया जा रहा है जो जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बना रहा है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित निभाने का आग्रह किया है।

#### दो चरणों मे होगी जनगणना

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। जिसके तहत प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जिसमें प्रगणक घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा।

निगमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना में स्व - गणना की सुविधा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। नागरिक स्वयं भी स्व गणना पोर्टल के माध्यम से अपने घर एवं परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे गणना प्रक्रिया अधिक सहज एवं तीव्र हो जाती है। स्वगणना के लिए नागरिक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन कर, मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन कर प्रक्रिया प्रारंभ कर सकते हैं। पोर्टल पर उपलब्ध सरल दिशा-निर्देश, विकल्प आधारित प्रश्नावली, फोनेटिक एवं वर्चुअल कीबोर्ड तथा एफएक्यू जैसी सुविधाएं इसे अत्यंत उपयोगकर्ता अनुकूल बनाती हैं। सभी जानकारी भरने के उपरांत एक 11 अंकों की यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के आगमन पर साझा करना होगा।

सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि जनगणना में दी गई सटीक जानकारी से न केवल देश की वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति स्पष्ट होती है, बल्कि विकास योजनाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः सभी नागरिक इस राष्ट्रीय दायित्व में सहभागी बनें और प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा है कि "हमारी जनगणना, हमारा विकास"—इस भावना के साथ प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए, यही सशक्त और समृद्ध राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

निगमायुक्त ने सभी शासकीय विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संगठनों से अपील की है कि वे अधिसूचित अवधि के दौरान स्व-गणना के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें, ताकि व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके तथा इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को कुशल, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम तरीके से संपादित किया जा सके।

---

### सामाजिक न्याय विभाग के सौजन्य से हुआ सामूहिक विवाह आयोजन

# 98 नव दंपत्तियों ने सात फेरे लेकर थामा एक दूजे का हाथ, एक हुआ निकाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बड़वारा जनपद पंचायत के प्रांगण में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में समस्त विभागों की मौजूदगी में 98 नव युगल वर वधुओं ने अग्नि को साक्षी मानकर परिणय सूत्र में बंधकर सात वचन निभाने की कसमें खाईं।कुल सौ पात्र में एक अनुपस्थित रहा। 98 ने वैदिक रीति से विवाह कर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वधु तारानाबी एवम वर मोहम्मद समीर ग्राम बसाड़ी जनपद पंचायत बड़वारा ने निकाह कर जीवन का आगाज किया। यह आयोजन सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उदय राम बैगा ने बताया सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह मंडप में दाम्पत्य बन्धन में बंधने वाले जोड़ों में विशेष ख़ुशी देखी गई। विवाह स्थल में आकर्षक सजावट की गई। सभी जोड़ों को विशेष जलपान एवम भोजन उपलब्ध करवाया गया एवम जोड़ों के साथ आये परिजनों को भी भोज करवाया गया।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने शादी करने वाले सभी जोड़ों को उनके वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी एवम उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की मंशा अनुसार प्रदेश में किसी भी निर्धन एवम गरीब व्यक्ति की बेटी की शादी करवाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है।

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, बड़वारा तहसील के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष, बड़वारा जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम, बड़वारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल, उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, ब्लाक समन्वयक श्रीमती बबीता सिंह, सूर्य प्रताप सिंह एनआरएलएम, पँचायत निरीक्षक उदय भान दाहिया, बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम, बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल एवम सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने वाले राजेश चौधरी का भी सहयोग रहा। जन प्रतिनिधियों गणमान्य जनों में कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जनपद अध्यक्ष बड़वारा सुधा जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, जनपद सीईओ प्रभा सिंह तेकाम, बड़वारा सरपंच सुनैना बाई तेकाम, बड़वारा मण्डल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, विलायत कला मण्डल अध्यक्ष अजय सोनी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़वारा महेंद्र जायसवाल एवम बिजेंद्र प्रताप सिंह, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उदयराम बैगा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा डॉ अजीत सिंह, ब्लाक समन्वयक बबीता सिंह, पंचायत समन्वयक्क अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी गोविंद सिंह, एडीओ गजराज सिंह, अंकित श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र रॉय, हर्ष प्रताप सिंह, वीरभद्र दुबे, स्वच्छता ग्राही राजेश चौधरी, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

---



# विद्युत विभाग ने काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही तहसील अंतर्गत खितौली क्षेत्र में कटनी संभाग अंतर्गत मुख्य अभियंता एस के गिरिया अधीक्षण अभियंता डी एन चौकीकर के निर्देशन में कार्यपालन अभियंता शरद विश्वकर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता एवं समस्त लाइन स्टाफ द्वारा खितौली वितरण केंद्र के ग्राम बम्होरी बरन महगँवा, सलैया सिहोरा, कुंआ, सकरीगढ़ इत्यादि गांवों में अत्यधिक विद्युत बिल बकाया होने एवं समाधान योजना अंतर्गत भुगतान कराए जाने हेतु विभिन्न स्थानों पर विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई जिसमें -70-उपभोक्ताओं पर कुल बकाया राशि -24 लाख 69 हजार - रुपए बकाया होने पर विद्युत आपूर्ति बाधित की गई ।

साथ की फील्ड पर उतरी विद्युत विभाग की टीमों द्वारा अवैधानिक रूप से विद्युत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित कर विद्युत अधिनियम की धारा 135/138 के तहत -9--नंबर प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसको जल्द ही माननीय न्यायालय में लगाकर उचित कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## शिविर लगाकर राशन वितरण के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने रविवार को केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पन्ना तहसील के विस्थापित ग्राम कोनी एवं गहदरा का भ्रमण किया तथा परियोजना के तहत नवीन स्थल पर विस्थापित होने वाले प्रभावित परिवार के सदस्यों चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान नई गठित टीम द्वारा पुनः सर्वे के माध्यम से पात्रता मुताबिक सभी परिवार एवं सदस्यों को लाभान्वित करने की बात कही। जिला कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण तथा बेहतर पुनर्वास के दृष्टिगत प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही शासन के नियम मुताबिक विभिन्न प्रकार की क्षति पर मुआवजा वितरण के लिए कहा। कलेक्टर श्रीमती परमार ने सुनवाई के दौरान आदिवासी बाहुल्य गांव के ग्रामवासियों को प्रस्तावित विस्थापन स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं के विकास सहित स्कूल और पेयजल सुविधा तथा सामूहिक तौर पर रोजगारपरक गतिविधियों के लिए विभाग स्तर पर हरसंभव मदद प्रदान करने के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सर्वे कार्य में लोगों से टीम का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नए स्थान पर बसाहट में प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। समय सीमा में गठित दल द्वारा हर घर में संपर्क कर एवं एक-एक आवेदन पर कार्यवाही की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि किसी के बहकावे में न आएं और पैसे का सदुपयोग करें। चर्चा के दौरान ग्रामीणजनों ने अवगत कराया कि ग्राम में तीन माह से राशन का वितरण नहीं हुआ है।

## कार्तिक सेन ने 94% अंक अर्जित किया

**हिंडोरिया।** नगर के बालक उच्च हाई स्कूल के छात्र कार्तिक सेन पिता नंदराम सेन ने कक्षा दसवीं की वार्षिक6 परीक्षा में 500 में से



470 अंक अर्जित कर 94% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्र के माता-पिता मजदूरी का कार्य करते हैं छात्र की गरीब स्थिति को देखते हुए नगर के एक स्वयंसेवी राकेश कुमार अग्रवाल ने इस छात्र की आगे की पढ़ाई कासंपूर्ण खर्च देने की घोषणा की है1 कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और सभी गुरुजनों को दिया।

### स्लाट बुकिंग में परेशानी के कारण खरीदी की रफ्तार धीमी

# सैटेलाइट इमेजिंग और पटवारी के गिरदावरी डेटा के बीच अंतर, स्लॉट बुक में आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अनुविभाग हटा में गेहूं की सरकारी खरीदी जारी है, लेकिन किसानों को अपनी ही फसल बेचने के लिए सोसायटी और तहसील के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण सैटेलाइट इमेजिंग और पटवारी के गिरदावरी डेटा के बीच का अंतर है। शासन ने इस बार पारदर्शिता के लिए सैटेलाइट डेटा अनिवार्य कर दिया है, लेकिन फील्ड स्तर पर विसंगतियों के कारण सत्यापन की प्रक्रिया किसानों के लिए गले की फांस बन गई है। वर्तमान में जब किसान स्लॉट बुक कर रहा है, तब उसे पता चल रहा है कि उसका डाटा मिसमैच है। दरअसल सेटेलाइट के माध्यम से हुई गिरदावरी में कई बार फसल की पहचान गलत हो जाती है। उदाहरण के लिए यदि किसान ने खेत के एक हिस्से में सरसों और बड़े हिस्से में गेहूं बोया है, तो तकनीक कभी-कभी पूरे रकबे को अन्य फसल में दिखा देती है। इससे गेहूं बेचने के लिए पंजीकृत रकबा कम या शून्य हो जाता है। इस खामी को देखते हुए शासन ने निर्देश दिए हैं कि जिन किसानों के डेटा में विसंगति है, उनका भौतिक सत्यापन पटवारी करेंगे। अब समस्या यह आ रही है कि पटवारियों ने जो डेटा सारा ऐप पर फोटो खींचकर अपलोड किया है, उसी को दोबारा प्रतिवेदन के साथ सत्यापित करना पड़ रहा है। इस दोहरी प्रक्रिया और सर्वर डाउन होने से समय लग रहा है।

### लिखित प्रतिवेदन की अनिवार्यता से भी बढ़ी परेशानी

बताया जा रहा है कि पटवारियों को अब लिखित में प्रतिवेदन भी देना पड़ रहा है। जब तक यह प्रतिवेदन सोसायटी और पोर्टल पर अपडेट नहीं होता, तब तक किसान का स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि तकनीकी खामी, सत्यापन प्रक्रिया खरीदी शुरू होने से पहले ही पूरी कर ली जानी चाहिए थी। अब किसानों को डर है कि स्लॉट बुक न होने से सरकारी खरीदी की तारीख न निकल जाए। इस चक्कर से बचने के लिए कई किसान मजबूरी में अपनी उपज व्यापारियों को औने-पौने दामों पर बेच रहे है।

### सिर्फ छोटे किसानों के ही हो रहे स्लॉट बुक

पहले गेहूं खरीदी में देरी से किसान परेशान थे। अब स्लॉट बुक नहीं होने से किसानों को चिंता सताने लगी है। मंडी में गेहूं के दाम नहीं मिलने से किसान सरकारी खरीदी में गेहूं बेचने का इंतजार कर रहे हैं। वहां भी 5 एकड़ से कम रकबे के स्लॉट बुक हो रहे हैं। वहीं सैटेलाइट वेरिफिकेशन में किसानों के पंजीयन भी रिजेक्ट हो रहे हैं। इसके चलते स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रहे है। किसानों का कहना है कि पहले खरीदी शुरू करने में देरी की। अब शुरू की तो सैटेलाइट वेरिफिकेशन किया जा रहा है। दरअसल पंजीयन के बाद सैटेलाइट वेरिफिकेशन करवाने के पीछे गड़बड़ी की आशंका है।

### बालकृष्ण के अलौकिक रूप के दर्शन से भक्ति में डूबा जनसमूह

# नटखट कान्हा की बाल लीलाओं से गूंजा गुहची, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर





**तेंदूखेड़ा।** ग्राम गुहची में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। कथावाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की नटखट बाल लीलाओं का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा के दौरान शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी बाल्यकालीन अद्भुत लीलाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लेकर अत्याचार का अंत करने का संकल्प लिया और बाल्यकाल में ही पूतना वध, तृणावर्त उद्धार जैसी लीलाओं से अपनी दिव्यता का परिचय दिया। गोवर्धन लीला का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए इंद्र के अहंकार को तोड़ा और गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। वहीं माखन चोरी, गोप-गोपियों के संग हंसी-ठिठोली और ग्वालबालों के साथ खेली गई लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु आनंदित हो उठे। कथा के बीच-बीच में कृष्ण भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा। शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में समाज को संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने हमें यह सिखाया कि धन होने के बावजूद ऑक्सीजन नहीं खरीदी जा सकती, जबकि प्रकृति ने इसे हमें निःशुल्क प्रदान किया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों, जैसे जन्मदिन पर, पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर पं. बलिराम तिवारी (पप्पू महाराज), मालक सिंह यादव, ताराचंद्र यादव, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, प्रेम और प्रकृति संरक्षण का संदेश गहराई तक उतर गया, जिससे पूरा गुहची गांव आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

# सगरा में अक्षय तृतीया पर जैन समाज में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### मुनि संघ को हुआ आहार दान



**बनवार।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सगरा में जैन समाज द्वारा पर्व को अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान धर्मावलंबियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और मुनि संघ की अगवानी कर विधि-विधान से आहार दान किया गया। जैन परंपरा के अनुसार, प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) ने राज-पाट त्यागकर मुनि दीक्षा ग्रहण की थी और दीर्घ समय तक निराहार रहकर तपस्या की। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस द्वारा उन्हें प्रथम आहार के रूप में ईक्षु रस (गन्ने का रस) अर्पित किया गया था, जिसके बाद से यह परंपरा आज भी निभाई जा रही है। इसी परंपरा के तहत सगरा में भी मुनि संघ को श्रद्धापूर्वक आहार दान किया गया। यहां आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य मुनि प्रबुद्ध सागर जी महाराज का शीतकालीन वाचन चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं। अक्षय तृतीया के अवसर पर आहार दान का सौभाग्य दयाचंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म के महत्व को समझते हुए पुण्य अर्जित किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने बताया कि जैन दर्शन में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है और इस दिन ईक्षु रस का दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

# सेलवाड़ा में हुआ श्री दुर्गा चालीसा पाठ

### ग्राम के 50 से अधिक युवा हुए नशा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विधानसभा क्षेत्र जबेरा के सलैया सेल्वाड़ा ग्राम में भव्य एवं दिव्या विशाल 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जो दिनांक 17 एवं 18 अप्रैल 2026 को परमहंस योगीराज धर्म सम्राट पूज्य गुरुदेव जी श्री शक्ति पुत्र जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न किया गया जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव सौरभ द्विवेदी जी का आगमन हुआ 24 घंटे तक अनवरत चलने वाले श्री दुर्गा चालीसा पाठ में ग्राम एवं आसपास से हजारों लोग सम्मिलित हुए सभी ने शक्ति जल,प्रसाद एवं भंडारा ग्रहण किया। दुर्गा चालीसा समापन के अवसर पर श्री सौरभ द्विवेदी जी के सानिध्य में ग्राम के लगभग 50 से अधिक युवाओं ने नशा मुक्त मांसाहार मुक्त होने का संकल्प लिया ,उक्त अवसर पर श्री द्विवेदी जी ने कहा कि अगर मानव अपने जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि चाहते हैं तो सभी मनुष्यों को अपने कर्मों को सुधारना होगा हम अपने कर्म सुधार करके सत्कर्मों से जुड़ जाएं एवं नशा मुक्त मांसाहार मुक्त होकर के मां जगत जननी की साधना शुरू कर दे तो देखना ,आपका घर स्वयं ही एक मंदिर बन जाएगा एवं आपका जीवन खुशियों से भर जाएगा आपका परिवार खुशहाल हो जाएगा, श्री द्विवेदी जी ने उपस्थित सभी मां के भक्तों से सिद्धाश्रम धाम में आने का आह्वान करते हुए सभी को आमंत्रित किया।

# सना फातिमा, मुस्कान बी मिशवा नूरी एवं सना का सुयश







**हिण्डोरिया।** स्थानीय संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया की तीन बच्चियों ने कक्षा 12 वी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा मे एवं राजेन्द्र पाठक शाला की कक्षा 10 वी की एक और मुस्लिम छात्रा ने शानदार एवं यादगार सफलता हासिल की। कन्या शाला की मुस्कान बी पिता नबाब खान ने 500 अंक मे से 451 अंक अर्जित किये। इनका 91.2% परीक्षा फल रहा। हाजी रफीक खान मासाब की नातिन सना फातिमा ने 500 अंक मे से 436 अंक हासिल किये। इनका 87.2% परिक्षा फल रहा। सना बी पिता जावेद खान ने 500 अंक मे से 435 अंक प्राप्त किये। इनका परिक्षा फल 87% रहा। इसी क्रम मे कक्षा 10 वी बोर्ड की परिक्षा मे राजेन्द्र पाठक स्कूल की छात्रा निशवा नूरी पिता यार मुहम्मद ने भी 90% अंक अर्जित कर अपने समाज, शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया। इन सभी बच्चियों की इस इतिहासिक एवं यादगार सफलता पर समस्त मुस्लिम समाज, परिजनों , नगरवासियों एवं शालेय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। एवं इनके दीर्घायु उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 22 अप्रैल को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में होगा आयोजित

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह ने बताया 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया मे समय प्रातः 10 से शाम 04 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने और लोगो को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं। हम सभी स्वस्थ नागरिको से अपील करते है कि वे आगे आये और रक्तदान कर जीवन बचाने में सहयोग करें। रक्त दान करने वाले सभी रक्त दाताओ को एक प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। सीबीएमओ डॉक्टर दुबे ने कहा है रक्तदान करने से दिल की बीमारियां एवं हार्ट अटैक का खतरा कम रहता है। समय समय पर रक्तदान करने पर शरीर मे आयरन बैलेंस रहता है जिससे कैंसर का खतरा कम रहता है। रक्तदान करने के बाद रेड ब्लड सेल का लेवल कुछ समय मे बराबर हो जाता है जिससे वजन बढ़ना कम हो जाता है। रक्तदान करने से रक्त से संबंधित समस्त जाँच निःशुल्क की जाती है।

### मंत्री धर्मेन्द्र सिंह एवं उनके अनुज द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान कर शिक्षा अभियान को मिल रहे नये आयाम....

# शिक्षक प्रशिक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा विधानसभा के स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में एवं उनके अनुज कृष्णभाव फाउंडेशन चेयरमेन सत्येंद्र सिंह लोधी एवं छोटी बहू मंजू ठाकुर के द्वारा संचालित निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लासेस का संचालन किया जा रहा है इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में शिक्षा प्रदान कर रहे समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए श्रेष्ठ शिक्षक,श्रेष्ठ परिणाम के संदर्भ में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहां कि जबेरा विधानसभा में लगभग 40 से अधिक निःशुल्क कोचिंगों का संचालन किया जा रहा और आने वाले समय में इनकी संख्या और भी अधिक होगी।निश्चित ही शिक्षा प्रदान कर रहे समस्त शिक्षकों का कार्य सराहनीय है ।प्रति वर्ष इन कोचिंगों के माध्यम से बच्चे नवोदय विद्यालय में प्रवेश पा रहे हैं। यह संभव नहीं है कि सभी बच्चों का प्रवेश नवोदय विद्यालय में हो लेकिन इन कोचिंगों के माध्यम से उनका बेस मजबूत किया जा रहा है जो अन्य परीक्षाओं में सफलता के रूप में सिद्ध होगा। मेरा संकल्प है कि आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश में क्रमांक एक की विधानसभा बनायेंगे चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो,खेल प्रतियोगिताओं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या विधानसभा से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों में हों। हम निरंतर प्रयासरत हैं। मेरे अनुज सत्येंद्र सिंह समस्त शिक्षकगण एवं उनके समस्त सहयोगियों का मैं सहृदय धन्यवाद करता हूं। निश्चित है आप सभी का प्रयास बच्चों के भविष्य को सवारने का कार्य करेगा। सत्येंद्र सिंह लोधी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि मैं धन्य हूं कि आप जैसे शिक्षकों के दर्शन प्राप्त हुए हैं आप लोग जो शिक्षा रूपी रत्न प्रदान कर रहे हैं निश्चित बच्चों के भविष्य में अमृत के समान माना जायेगा आने वाले समय जब बच्चे बड़े-बड़े पदों पर पहुंचेंगे तो वह याद करेंगे की आप लोगों ने शिक्षा प्रदान की है आप भी गर्व से परिपूर्ण हो उठेगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त कोचिंग संस्थानों के शिक्षक गण, मंत्री के पिता भाव सिंह लोधी जी, ग्राम के लंबरदार साहब सिंह यादव जी सहित अन्य जनों की उपस्थित रही।

# मनरेगा योजना में घोटाले का आरोप

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा इस समय अपने कर नामो से संपूर्ण दमोह जिले में भ्रष्टाचार में अपनी अलग पहचान बना चुकी है संपूर्ण जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के नाम से सरकारी धन का सारे आम बंदर बांट किया जाता है उसी क्रम में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत हरदुआ खुर्द से जोगी खेड़ा संपर्क सड़क का निर्माण कार्य कागजों में तो तेजी से प्रगति पर दिखाया जा रहा है ,लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार इस सड़क निर्माण परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 95 लाख 98 हजार रुपए है। कार्य की शुरुआत 1 नवंबर 2021 को हुई थी हैरानी की बात यह है कि अब तक इस सड़क के लिए 77 लाख 52 हजार 262 रुपए का भुगतान किया जा चुका है लेकिन सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है ।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का निर्माण एस्टीमेट के अनुसार नहीं हुआ है। बीच में बनी पुलिया टूटी एवं अधूरी है कई हिस्सों में सड़क का अस्तित्व ही नजर नहीं आता है ग्रामीणों में आक्रोश है । स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदार अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी की मिली भगत से यह पूरा खेल किया गया है ग्रामीणों का कहना है कि सामग्री का भुगतान लगभग पूरा हो चुका है लेकिन मजदूरों की मजदूरी अभी तक बकाया है इस मामले में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग दमोह के अधिकारियों की भूमिका भी संदेह में है। एसडीओ शिवाजी गोंड पर फर्जी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के गंभीर आरोप लगाये जा रहे है। इस संबंध में संजय कुमार जाटव एस ई सागर, संभागीय आर ई एस. ने मामला मेरे संज्ञान में आया है, इसकी गहन जांच कराई जा रही है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद निश्चित ही कार्यवाही की जावेगी।

# तेंदूखेड़ा में भीषण गर्मी का कहर

### लोग पेड़ों और दुकानों में ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोग सुबह से ही गर्म हवाओं और तेज धूप से परेशान नजर आ रहे हैं। दोपहर के समय तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़कें लगभग सुनसान हो जाती हैं और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते हैं। नगर के अधिकांश घरों में कूलर और पंखे लगातार चल रहे हैं, फिर भी गर्मी से राहत मिलना मुश्किल हो रहा है। जिन घरों में कूलर की सुविधा नहीं है, वहां के लोग अधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। दूसरी ओर, नगर में आने वाले ग्रामीण लोग अपने काम के सिलसिले में घंटों तक बाहर रहते हैं। तेज धूप से बचने के लिए वे चार से पांच घंटे तक पेड़ों की छांव में बैठकर समय बिताते हैं या फिर आसपास की दुकानों में शरण लेते हैं। बाजारों में भी दोपहर के समय ग्राहकों की संख्या में कमी देखी जा रही है। दुकानदार भी गर्मी के कारण परेशान हैं, लेकिन रोजमर्रा की जरूरतों को देखते हुए अपनी दुकानें खोलने को मजबूर हैं। कुछ दुकानों पर लोग केवल धूप से बचने के लिए बैठते नजर आते हैं, जिससे वहां अस्थायी राहत मिलती है। घर से बाहर निकलने वाले लोग अपने स्तर पर बचाव के उपाय अपना रहे हैं। अधिकांश लोग सिर पर गमछा या कपड़ा बांधकर निकल रहे हैं, साथ ही धूप से आंखों को बचाने के लिए चश्मे का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा पानी की बोतल साथ रखना भी आम हो गया है, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए और अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। प्रशासन द्वारा भी लोगों से सतर्क रहने और जरूरी एहतियात बरतने की अपील की जा रही है। कुल मिलाकर, तेंदूखेड़ा में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग राहत के उपाय खोजने में लगे हुए हैं।

# खानकाह नूरी-फरीदी मे जलसा का आयोजन

### शैक्षणिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय खानकाह नूरी- फरीदी मे पीरो- मुर्शिद मौलाना हाजी कमालुददीन खान साहेब सल्लामहु तआला की सरपरस्ती में हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेयहे अजमेर शरीफ की शानदार एवं कामयाब जियारत करके लौटने की खुशी मे नगर के सभी जायरीनों एवं मुस्लिम भाईयों के व्दारा मीलादे पाक का आयोजन किया गया। इस मौके पर शेख-ए-तरीकत हाजी कमाल मियाँ खान साहब ने अपनी तकरीर मे सभी से आमाले बद से बचने एवं नेक राह पर चलने की दुआ की। हजरत ने शिक्षा के क्षेत्र मे इस साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को सम्मानित करते हुये कहा कि मुस्लिम भाईयों को अपने सभी लड़का एवं लड़कियों को समान अवसर देकर दीनी एवं दुनियाबी तालीम दिलाने की जरूरत है। उन्होंने सभी मुस्लिम बच्चियों की इस कामयाबी पर खुशी व्यक्त की। मिलादे पाक के बाद तमाम आलमे इंसानियत के हक मे इकजेहती, तरक्की कामयाबी, सेहतयाबी की दुआ फरमाई। इस मौके पर व्यापम वर्ग - 03 की परीक्षा में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सादिका अंजुम पिता मरहूम इसरार खान मासाब, कक्षा 12 बोर्ड परिक्षा मध्यप्रदेश मे टाप टेन की सूची मे पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा उज़्मा फातिमा पिता मुबस्सिर खान, कक्षा 12 बोर्ड मे परीक्षा में ही इस वर्ष 91.2 % अंक अर्जित करने वाली ग्राम महुआखेड़ा की छात्रा मुस्कान बी पिता नबाब खान एवं 90% अंक हासिल करने वाली छात्रा निशवा नूरी पिता यार मुहम्मद खान को उनकी शानदार सफलता पर सम्मानित किया गया। बच्चों के हौसले अफजाई मे शेख रफीक, रहीम मुकददम, शहीद गुडडू, साजिद खान, रहीम खान, राजा खान, रहीस खान, सुजात खान सहित सभी मुस्लिम भाईयों की भूमिका एवं उपस्थिति सराहनीय रही।

## जया दुबे एवं कर्तव्य साहू ने 96% अंक लाकर गौरव बढ़ाया

**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र के विद्यार्थियों ने हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा जया दुबे एवं कर्तव्य साहू ने 96% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दोनों की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने इसे मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम बताया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बढ़ाया जबेरा का मान

**जबेरा।** विगत दिवस रैंक 19 /4 /2026 को 50 प्लस आयु वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर दमोह में प्रातः 9:30 बजे से संपन्न हुआ जिसमें जबेरा की ओर से शासकीय सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य संजय बाजपेई ने भाग लेकर के उक्त प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त करके जबेरा का मान बढ़ाया । जिला स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त करने की उपरांत अब संजय बाजपेई जी संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेकर के जबेरा के साथ-साथ संपूर्ण दमोह जिले का नाम रोशन करेंगे।

### खामियों ओर खराब संचालन पर कार्रवाई के निर्देश

# गौशालाएं केवल आश्रय नहीं, संस्कृति और जिम्मेदारी का प्रतीक- कलेक्टर

**निरीक्षण के दौरान चार गौशालाओं का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव सुबह 6 बजे से गौशालाओं का जायजा लेने आकस्मिक रूप से निकले। इस दौरान उन्होंने जिले की चार गौशालाओं का आकस्मिक रूप से जायजा लिया। इस दौरान सबसे खास बात यह रही कि उनके साथ किसी भी विभाग के अधिकारी उनके साथ नहीं थे। औचक तौर से गौशालाओं में पहुंचकर जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने गौशाला संचालकों, वहां संलग्न कर्मचारियों से चर्चा की और गौ सेवा के बेहतर से बेहतर तरीके से अंजाम देने के लिए कहा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा इस कार्य में किसी तरह की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संचालन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि गौशालाएं सिर्फ गौ माताओं को रखने का स्थान नहीं हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, सद्भाव, जिम्मेदारी और आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से इनके संरक्षण में सहयोग की अपील की। कलेक्टर श्री यादव ने कहा, केवल गौशाला बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां चारा, पानी, छाया और समय पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

**मारुताल गौशाला का संचालन सराहनीय**

कलेक्टर श्री यादव ने कहा, निरीक्षण के दौरान मारुताल गौशाला का संचालन उत्कृष्ट पाया गया। यहां कार्यरत लोगों की प्रतिबद्धता और पशुओं की स्थिति संतोषजनक रही। उन्होंने कहा गौशालाओं में अव्यवस्थाएं पाई गईं, वहीं एक स्थान पर ताला लगा मिला। इस पर सीईओ जिला पंचायत को संबंधित समूहों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा, जहां कमियां पाई गईं, वहां सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा और लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने ग्रामवासियों, नगरवासियों और गौशाला संचालकों से अपील की कि वे इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा से गौ सेवा करें और केवल औपचारिकता के लिए संचालन न करें।

## जमीनी विवाद में चली पिता पुत्र पर गोली



**दमोह।** दमोह देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हल्द्वानी गांव में शनिवार देर रात जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने एक शादी समारोह में पिता, पुत्र पर गोली चला दी। जिसमे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए तत्काल 108 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घायलों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार आरोपियों ने 18 राउंड फायर किए हैं। जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह के दौरान यह गोली चलने की बात सामने आ रही है। इस घटना में 52 वर्षीय नरेश पटेल और उनका 30 वर्षीय बेटा सत्य प्रकाश पटेल घायल हुए हैं। सत्य प्रकाश को सिर के पास गोली लगी है जबकि नरेश को हाथ में गोली लगी है। दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों के परिजन नितिन पटेल ने बताया कि शनिवार रात हल्द्वानी गांव में नरेश पटेल और सत्य प्रकाश पटेल पर पुराने जमीन विवाद के चलते देवी पटेल, गुजू पटेल, अखिलेश पटेल, नरेद्र पटेल, अमर पटेल और अमर के भांजे ने 18 राउंड गोलियां चलाई। जिसमे नरेश और उनके बेटे सत्य प्रकाश को गोली लगने से वह घायल हुए हैं। परिजन तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी लगते ही देहात थाना टीवाई अमित कुमार गौतम, कोतवाली टीबाई मनीष कुमार भी अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किए।

# विधायक ने स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण कर सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील

### आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से कर सकते हैं स्व-गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भारत सरकार द्वारा पूरे देश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य आरंभ किया जा चुका है। इसी कड़ी में कल 16 अप्रेल से स्व-गणना आरंभ हुई है। यह कार्य आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा एवं इसके उपरांत 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण कार्य आरंभ होगा। हटा में इस प्रक्रिया के तहत स्व-गणना को गति देने के लिए विधायक उमादेवी खटीक ने स्वयं आगे आकर स्व-गणना पोर्टल पर अपना पंजीकरण करते हुए नागरिकों को स्व गणना करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि सही और पूर्ण जानकारी देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, इससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होता है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है। उन्होंने हटा विधानसभा वासियों से अपील की कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समय पर अपने परिवार की पूरी जानकारी दर्ज करें। इस दौरान हटा में विधायक उमादेवी खटीक के समक्ष जिला जनगणना अधिकारी मोना सिंह चौहान एवं जिला सहायक जनगणना अधिकारी अलका दास ने बताया कि इस प्रक्रिया से सरकार को सटीक आंकड़े मिलेंगे, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू की जा सकेंगी। नपा चार्ज अधिकारी सीएमओ राजेंद्र खरे ने नगरीय क्षेत्र के सभी वार्ड वासियों से स्वगणना करने के लिए आधिकारिक पोर्टल का ही उपयोग कर राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना में सहयोग करने की अपील की।

**ऐसे कर पाएंगे स्व-गणना**

जिला जनगणना अधिकारी मोना सिंह चौहान ने बताया कि स्व-गणना के लिए आपको आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। साइट खुलने पर अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉग इन करना होगा। इसके उपरान्त डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें। सबमिशन के बाद आपको एसएई आईडी मिलेगी। इस आईडी का स्क्रीन शॉट लेकर सुरक्षित रखें या यह आईडी आपको मेसेज या ई-मेल के द्वारा भी सबमिशन के तुरंत बाद भेजी जाएगी। प्रगणक आपके घर आएंगे तब उन्हें यह एसई आईडी प्रदान करें। इसके उपरान्त प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे।

## सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आचार्य विद्यासागर निलय का भूमिपूजन



**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैनतीर्थ कुण्डलपुर की पावन धरा पर विश्व वंदनीय, युगश्रेष्ठ, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से कटनी वाली पुरानी धर्मशाला की जगह पर नवीन उदासीन आश्रम, साध्विका आश्रम एवं आहारचर्या हेतु धर्मशाला के निर्माण हेतु अक्षयतृतीया पर्व पर भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम बा.ब्र. प्रतिष्ठाचार्य वाणीभूषण विनयभैया जी बंडा के मंगल सानिध्य एवं निर्देशन में मानस्तंभ परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रेष्ठी कविश जैन सपरिवार दिल्ली द्वारा प्रथम आधारशिला स्थापित कर अन्य क्रियाएं की गई। नवनिर्मित होने जा रहे इस भव्य प्रासाद का नामकरण विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से आचार्य विद्यासागर निलय किया गया है। सांयकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

# जैन दर्शन सदैव जोड़ने का कार्य करता है – मुनि श्री पद्म सागर जी

**अक्षय तृतीया महापर्व पर भव्य 48 मण्डलीय श्री भक्तामर विधान संपन्न जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह का प्रेरणादायी आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पावन अक्षय तृतीया महापर्व के शुभ अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा भव्य एवं दिव्य अड़तालीस मण्डलीय श्री भक्तामर विधान एवं संगीतमय अर्चना का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद तथा पूज्य मुनि श्री 108 पद्म सागर जी महाराज, पूज्य क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज एवं पूज्य आर्यिका श्री वीर नंदनी माता जी ससंघ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। विधान का कुशल संचालन प्रतिष्ठाचार्य डॉ. आशीष जैन द्वारा किया गया। बाल ब्र. मोनू भैया एवं विद्वानों के मार्गदर्शन में 48 मंडलों में बैठे श्रद्धालुओं ने भक्तिभावपूर्वक विधान संपन्न किया, जिससे मंदिर परिसर मंत्रोच्चार एवं भक्ति से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज ने अपनी विस्तृत एवं प्रेरणादायी देशना में कहा कि "कर्मों के सामने किसी की नहीं चलती, इसलिए मनुष्य को सदैव शुभ कर्मों का संचय करना चाहिए।" उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुःख हमारे अपने कर्मों का परिणाम हैं, अतः प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, संयम, दान और तप के मार्ग को अपनाकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जैन दर्शन सदैव जोड़ने का कार्य करता है, कभी भी तोड़ने का नहीं। यह दर्शन अहिंसा, करुणा, समता और आत्मकल्याण का संदेश देता है, जो समाज में एकता और सद्भाव स्थापित करता है। मुनि श्री ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैन धर्म में यह पर्व अत्यंत पुण्यदायी एवं ऐतिहासिक है। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) ने एक वर्ष के कठोर उपवास के पश्चात वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस द्वारा नवधा भक्ति पूर्वक इक्षु रस से पारणा की थी। यह घटना भारतीय संस्कृति में प्रथम आहार दान के रूप में मानी जाती है। उन्होंने बताया कि इस दिन किया गया दान अक्षय फल प्रदान करता है और इसीलिए इसे "अक्षय तृतीया" कहा जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त के भी सभी शुभ कार्य, दान, तप एवं दीक्षा अत्यंत फलदायी माने जाते हैं।

प्रवचन के पश्चात मुनि संघ की आहार चर्या सुशील जैन के चौके में संपन्न हुई एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं विधिपूर्वक सम्पन्न हुईं। तत्पश्चात जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा भगवान आदिनाथ के प्रथम आहार की मंगल स्मृति में श्रद्धालुओं के बीच इक्षु रस (गन्ना रस) का वितरण किया गया। साथ ही सभी पुण्यार्जकों को "अक्षय कलश" भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आध्यात्मिक आनंद का वातावरण बना।

इस भव्य आयोजन में , श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री संतोष सिंघई, जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा के आयोजन प्रभारी वीर अवध जैन, वीर संतोष अविनाशी, वीर संजय सराफ, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर दिलेश चौधरी, अध्यक्ष वीर मुकेश जैन "मम्मा", मंत्री वीर महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, प्रचार मंत्री वीर सुनील वेजिटेरियन, कोषाध्यक्ष वीर जिनेन्द्र मंडला, मंदिर कमेटी अध्यक्ष नवीन निराला, पत्रकार अटल राजेंद्र जैन, रानू जैन, , वीर महेन्द्र करुणा, वीर सुभाष बमोरया वीर सावन सिल्वर, आनंद जैन, संजीव जैन शाकाहारी, मनीष जैन , अरुण जैन (कोर्ट), राजकुमार जैन, अरुण जैन प्रधान, सुवोध बजाज, शैलेन्द्र जैन सिंघई, अशोक जैन एवं नेम कुमार सराफ सहित अनेक गणमान्यजन एवं धर्मप्रेमी बंधुओं की सक्रिय सहभागिता रही। यह आयोजन जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह की उत्कृष्ट संगठन क्षमता, धार्मिक निष्ठा एवं समाज में आध्यात्मिक चेतना, एकता और सद्भाव फैलाने के उनके सतत प्रयासों का सशक्त उदाहरण रहा।

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**दमोह।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार एवं विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव आज सोमवार को पूर्ण भक्ति भाव एवं भव्यता से मनाया जाएगा। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि आज प्रातः 8:00 बजे पॉलिटेक्निक के पास परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण होगा। प्रातः 10:00 बजे से शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड प्रारंभ होगा एवं शाम 5:00 बजे यहीं से एक भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा होते हुए शिव पार्वती मंदिर पर समापन होगा तथा यहां पर शाम 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## टपरिया में लगी आग, मजदूर जिंदा जला

**दमोह।** हटा थाना क्षेत्र के कांटी गांव में रविवार शाम खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई। जिससे उसके अंदर सो रहा एक मजदूर जिंदा जल गया। परिजनों को जैसे ही जानकारी लगी वह इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही मजदूर की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव लेकर वापस हटा अस्पताल पहुंचे हैं। शव को फ्रीजर में रखा गया है सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। टपरिया में आग कैसे लगी घटना का कारण अज्ञात है पुलिस के द्वारा मामले में जांच की जा रही है। मृतक की पहचान हटा थाना क्षेत्र के कांटी गांव निवासी जीवन पिता गफ्फ़लू विश्वकर्मा 42 के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की कांटी गांव का रहने वाला गोलू पटेल जीवन विश्वकर्मा को अपने खेत पर मजदूरी के लिए ले जाता था। रविवार सुबह भी वह घर से उसे अपने खेत पर मजदूरी के लिए ले गया था।

### गौरैया-ब्यारमा संगम पर धड़ल्ले से अवैध उत्खनन

# दिनदहाड़े रेत का परिवहन, प्रशासन बेखबर



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा क्षेत्र में गौरैया और ब्यारमा नदी के संगम पर इन दिनों अवैध उत्खनन का कार्य खुलेआम जारी है। हालात यह हैं कि दिनदहाड़े रेत निकाली जा रही है और ट्रैक्टरों के माध्यम से बिना किसी रोक-टोक के परिवहन किया जा रहा है। दमोह-जबलपुर मुख्य मार्ग पर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही आम हो गई है, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए न तो प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है और न ही पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध उत्खनन के पीछे क्षेत्र की कुछ प्रभावशाली हस्तियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते संबंधित लोग बेखौफ होकर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जहां एक ओर आम नागरिक को अपने निजी उपयोग के लिए मिट्टी या मुरम निकालने हेतु महीनों तक अनुमति के लिए भटकना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर अवैध उत्खनन का यह कारोबार दिन-रात निर्बाध रूप से जारी है। अब देखना यह होगा कि नवागत कलेक्टर इस गंभीर मामले पर क्या सख्त कदम उठाते हैं और क्या इस अवैध गतिविधि पर लगाम लग पाती है।

## हिंडोरिया की रितु सिंह ने बढ़ाया मान

### जिला प्रावीण्य सूची में हासिल किया तीसरा स्थान



**हिंडोरिया।** मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा परिणामों में इस वर्ष हिंडोरिया की होनहार छात्रा रितु सिंह ठाकुर ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिंडोरिया की छात्रा रितु ने कक्षा 10 वी में असाधारण प्रदर्शन करते हुए कुल 500 में से 487 अंक प्राप्त किए हैं। कुल प्राप्तांकः 487/500 (97.4%) जिला स्तर पर रैंकः दमोह जिले की मेरिट लिस्ट में तीसरा (3rd) स्थान प्राप्त की ।कड़ी मेहनत का परिणाम रितु की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे हिंडोरिया क्षेत्र में गौरव की लहर है। रितु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के अटूट सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और अनुशासन ही उनकी इस उपलब्धि का मुख्य आधार रहा।विद्यालय में जश्न का माहौल सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया के प्राचार्य देवेन्द्र खरे और आचार्य दीदियों ने रितु को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि रितु शुरू से ही एक मेधावी और जिज्ञासु छात्रा रही हैं, और उनकी इस सफलता ने स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर करने की प्रेरणा दी।भविष्य का लक्ष्य रितु सिंह ठाकुर भविष्य में और भी ऊंचे मुकाम हासिल कर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किए हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./लोक निर्माण, निविदा/2026/98 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 16.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_501376_1 17/04/2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण सामग्री सपलाई कार्य। | 1-वित्तीय वर्ष 2026-27 2-40.00 लाख | 1-5000.00 2-30000.00 | 19/05/2026 |
| 2 | 2026_UAD_501377_1 17/04/2026 | बालाजी वार्ड में दुर्गा होटल से बड़ा बाजार होते हुए अन्नू ताम्रकार की दुकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-04 माह 2-24.89 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 19/05/2026 |
| 3 | 2026_UAD_501378_1 17/04/2026 | अमृत महाभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य हेतु गड्ढे खोदने एवं मिट्टी भरने का कार्य। | 1-03 माह 2-7.39 लाख | 1-2000.00 2-7400.00 | 04/05/2026 |
| 4 | 2026_UAD_501380_1 17/04/2026 | रामगोपाल जी वार्ड में छतरपुर वाले तंतुवाय जो से रामकिशन सेन के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-03 माह 2-7.70 लाख | 1-2000.00 2-7800.00 | 04/05/2026 |
| 5 | 2026_UAD_501381_1 17/04/2026 | बालाजी वार्ड में जैन समाज के संत निवास से जागेश्वार पटेल के मकान तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य। | 1-03 माह 2-4.16 लाख | 1-2000.00 2-4200.00 | 04/05/2026 |
| 6 | 2026_UAD_501383_1 17/04/2026 | नवोदय वार्ड में कब्रिस्तान के पीछे से नरेन्द्र यादव के मकान होते हुए मुख्य नाले तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-03 माह 2-6.95 लाख | 1-2000.00 2-7000.00 | 04/05/2026 |
| 7 | 2026_UAD_501385_1 17/04/2026 | संजय वार्ड में प्रजापति मोहल्ला में स्थित कुएं के चारो ओर सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-03 माह 2-7.29 लाख | 1-2000.00 2-7300.00 | 04/05/2026 |
| 8 | 2026_UAD_501386_1 17/04/2026 | संजय वार्ड में मोहित कटारया के मकान से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-03 माह 2-5.90 लाख | 1-2000.00 2-6000.00 | 04/05/2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह

